पाठ 19. हमारे पेड़-पौधे

पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आएगी। बच्चे बढ़ते प्रदूषण के प्रति जागरूक होंगे। उनमें वार्तालाप करने की क्षमता विकसित होगी। बच्चे शुद्ध उच्चारण सीखेंगे। उनका भाषा-ज्ञान बढ़ेगा। वे संवाद-लेखन की कला सीख सकेंगे, इससे उनके लेखन कौशल का विकास होगा।

- अध्यापक बच्चों को इस एकांकी को नाटक के रूप में प्रस्तुत करने को कहें।
- बच्चों के समूह बना दिए जाएँ।
- बच्चे एक साथ मिलकर काम करें।
- वे सभी एक-दूसरे को मार्गदर्शन देकर नाटक को प्रभावी बनाएँ।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी तथा तर्क-वितर्क संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। आपस में मिल-जुलकर काम करने तथा विचारों का आदान-प्रदान करने से सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी।